अपील सूचना अधिकार संख्या 114/2020 (RCMS 2020/00200) श्री लखविन्द्र सिंह पुत्र श्री मुख्त्यार सिंह निवासी 9 डी डी तहसील घड़साना जिला श्रीगंगानगर (मोबाईल नं. 94145–03671) बनाम तहसीलदार(राजस्व), घड़साना

27.11.2020

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी लखविन्द्र सिंह स्वयं उपस्थित नहीं हुआ। पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया कि अपीलार्थी ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(1) के तहत तहसीलदार, घडसाना को एक आवेदन पत्र दिनांक 01.08.2020 प्रस्तुत करके पांच बिन्दुओं की सूचना चाही थी, जो लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार, घड़साना ने उसे उपलब्ध नहीं करवाई है। इसलिए उसने वांछित सूचना उपलब्ध करवाने की प्रार्थना की है।

मैनें पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया कि अपीलार्थी लखविन्द्र सिंह ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अपने आवेदन पत्र दिनांक 01.08.2020 के द्वारा तहसीलदार (राजस्व), घड़साना से निम्न सूचना चाही थीः

1. श्रीमान् जी राज्य लोक सूचना एवं लोक सूचना प्राधिकारी का पूरा नाम, पदनाम व पूर्ण पता + कार्यालय फोन नं. सहित प्रदान करें।
2. श्रीमान् प्रथम अपील प्राधिकारी का पूरा नाम व पदनाम, पूर्ण पता निवास + कार्यालय फोन नं. सहित प्रदान करें।
3. श्रीमान्जी सन्नी आहुजा निवासी महताब कॉलोनी, नई मण्डी घड़साना तहसील परिसर में किस हैसियत से कार्य करते है कि लाईसेंस आदि की प्रमाणित प्रतिलिपि प्रदान करें।

जिला कलैक्टर
श्रीगंगानगर

अपील सूचना अधिकार संख्या 114/2020

4. श्रीमान्जी सुरेन्द्र शर्मा निवासी 2 जी डी, घडसाना तहसील परिसर में किस हैसियत से कार्य करते है कि लाईसेंस आदि की प्रमाणित प्रतिलिपि प्रदान करें।
5. श्रीमान जी लालचन्द निवासी 19 एम डी, घड़साना तहसील परिसर में किस हैसियत से कार्य करते है कि लाईसैंस आदि की प्रमाणित प्रतिलिपि प्रदान करें।

उक्त अपील पत्र के संदर्भ में तहसीलदार(राजस्व), घड़साना ने अपने पत्रांक विविध/2020/463 दिनांक 25.08.2020 से अपीलार्थी को निम्नानुसार जवाब दिया है :

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आप द्वारा चाही गई सूचना निम्नानुसार प्रेषित है :

1. राज्य लोक सूचना एवं लोक सूचना प्राधिकारी एवं तहसीलदार, घड़साना का नाम दानाराम, पदनाम तहसीलदार घड़साना एवं पता तहसीलदार, घड़साना, कार्यालय का दूरभाष नं. 01506–250770 है।
2. प्रथम अपील प्राधिकारी श्री महावीर प्रसाद वर्मा, श्रीमान जिला कलक्टर महोदय, श्रीगंगानगर, कार्यालय का पता जिला कलक्ट्रेट, श्रीगंगानगर, दूरभाष नं. 0154–2440988 है।

3 सन्नी आहुजा नाम का कोई व्यक्ति तहसील कार्यालय में कार्यरत नहीं है।

जिला कलैक्टर
श्रीगंगानगर

अपील सूचना अधिकार संख्या 114/2020

4. सुरेन्द्र शर्मा नाम का कोई व्यक्ति तहसील कार्याल्य में कार्यरत नहीं है।

5. लालचन्द नाम का कोई व्यक्ति तहसील कार्यालय में कार्यरत नहीं है।

-sd-
तहसीलदार (राजस्व)
घड़साना

चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचनाएं लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार (राजस्व), घड़साना द्वारा आवेदक को उपलब्ध करवाई जा चुका है, इसलिए इस अपील खारिज करने योग्य है।

अतः उक्तानुसार अपीलार्थी की अपील खारिज की जाती है। **आदेश की प्रति तहसीलदार (राजस्व), घड़साना को पालनार्थ भिजवाई जावे एवं अपीलार्थी को भी सूचनार्थ निर्णय की प्रति भिजवाई जावे।** पत्रावली बाद तरतीब़ तकमी़ल दाखि़ल दफ़्तर हो।

यह आदेश आज दिनांक 27.11.2020 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(महावीर प्रसाद वर्मा)
जिला कलैक्टर
श्रीगंगानगर